[Shri N. E. Horo]

1. that the traditional right of the Tribal and other communities to grow cocoon and lac on trees of Government forests without hinderance be immediately restored to them; and

2. Minimum prices for cocoon and lac be fixed for the growers in order to protect them from exploitation at the hands of middlemen and unscrupulous traders.

(v) INCREASE IN INCIDENTS OF THEFT AND DACOITY IN TRAINS.

श्री अशोक गहलोत (जोधपुर) : उपाध्यक्ष जी, रेलगाड़ियों में लूटपाट, चोरियों एवं डकैतियों की घटनाएं देश भर में बढ़ती जा रही हैं। यात्रियों के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार अमूमन रात्रि के समय होता है। कोच में दरवाजे, खिड़कियां व वेस्टी बुल सिस्टम खराब होने की वजह एवं लाइट का इंतजाम पूरी तरह नहीं होने से इन चोरों, लुटेरों व डकैतों को रात्रि के समय बहुत आसानी से रेल यात्रि डिब्बों में प्रवेश करने की आसानी रहती है जहां वे भय एवं आतंक के बीच यात्रियों का सामान व माल लूट कर ले जाते हैं। इस प्रकार की वारदातें अमूमन रिजर्वेशन कोच में भी होने लगी हैं क्योंकि वेस्टी बुल सिस्टम खराब होने की वजह से ये समाज विरोधी तत्व कोच के ऊपर से रात्रि के समय दो कोच के बीच उतर जाते हैं एवं वेस्टी बुल सिस्टम दरवाजे के कांच के अन्दर प्रवेश पा जाते हैं एवं फिर यात्रियों को आतंकित करना व लूटपाट कर चले जाना आम बात हो गयी है। यात्रियों की एफ० आई० आर० भी दर्ज नहीं करने के कारण आम लोगों को आशंका है कि इन समाज विरोधी घटकों से जी० आर० पी० व दूर दराज के जिलों की पुलिस की मिली भगत होने के कारण उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

रेवाड़ी-लौहार-परवेशपुर पर जहां 94 डाउन जोधपुर-दिल्ली की गाड़ी आती है एवं दूसरी गाड़ी का क्रासिंग होता है वहां पर ये तत्व अपना कुकृत्य कर दूसरी गाड़ी से चले जाते हैं।

हनूमान गढ़ से 10 किलोमीटर दूर तलवाड़ा झील और टी० वी० स्टेशन के बीच भी गत दिनों अज्ञात सशस्त्र लुटेरों ने पिस्तौल व चाकू दिखलाकर रेल में बैठी दो महिलाओं से जेवर व एक आदमी से नकदी व घड़ी छीन ली थी। इसी प्रकार सादूलपुर स्टेशन पर भी डकैती हुई है। उन उपरोक्त डकैतियों से ऐसा लगता है कि यह किसी एक गिरोह का ही कार्य है जोकि इस क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय है एवं आने जाने वाली रेलगाड़ियों में इस प्रकार की वारदातें कर भयमुक्त होकर चले जाते है।

मैं इस संबंध में रेल मंत्री से मांग करता हूं कि इस संबंध में तत्काल ध्यान दे कर कड़ी कार्यवाही करें जिसमें यात्रियों में फैल रही असुरक्षा की भावना मिट सके एवं उनके जान माल की हिफाजत पूरी तरह से हो सके।

(vi) ACUTE SHORTAGE OF CEMENT IN BIHAR

श्री कृष्ण प्रताप सिंह (महाराजगंज): उपाध्यक्ष जी, समूचे बिहार में सीमेंट की भारी कमी है और सभी निर्माण कार्य रुके पड़े है। यदि शीघ्र ही बिहार में सीमेंट की सप्लाई स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो स्थिति के और खराब होने की सम्भावना है। मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि बिहार की ओर तनिक ध्यान दें और शीघ्र वहां सीमेंट उपलब्ध कराया जाये जिससे निर्माण कार्य जारी रह सके और मजदूरों को रोजगार मिलता रहे।